हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 11 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 बंद विश्रामालय के सामने रुकने को मजबूर...



07 विश्व आदिवासी दिवस हुआ आयोजित दिखी आदिवासी संस्कृति की...



खबर संक्षेप

सेंट्रल बैंक के संस्थापक की 145वीं जयंती मनाई

नर्मदापुरम। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बैंक के संस्थापक स्व. सर सोराबजी पोचखानवाला की 145वीं जयंती पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के करीब 350 विद्यार्थियों की मौजूदगी में केक काटकर संस्थापक को याद किया गया। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख मुकेश चौधरी, उप क्षेत्रीय प्रमुख अजीत झा सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

शिक्षकों को दिए स्कूल जाने के आदेश

नर्मदापुरम। शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रतिनियुक्ति के संबंध में आदेश जारी किया है। इसके चलते राज्य शिक्षा केंद्र हो या डीपीई कहीं भी प्रतिनियुक्ति के संबंध में आदेश को तुरंत लागू किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग का ऑर्डर है कि प्रतिनियुक्ति के संबंध में जो समस्त विभाग पर लागू होता है इसका पालन करना होगा। इस ऑर्डर के अनुसार ही विगत माह डीपीई आयुक्त ने जो कर्मचारी वर्षों से राज्य शिक्षा केंद्र, तहसील और निर्वाचन में थे उनको मूल संस्था में रिलीव कर चुके हैं।

जानकारी ग्रामीणों व पंच-सरपंच तक पहुंचने के बाद गांव में पंचायत की बैठक बुलाई

मूक पशु से कुकृत्य का आरोप, पंचायत ने युवक को गांव से किया बेदखल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम निमसाड़िया में एक मूक पशु के साथ कथित कुकृत्य का गंभीर मामला सामने आया है।

ग्राम निमसाड़िया में एक मूक पशु के साथ कथित कुकृत्य का मामला सामने आया है। गांव निवासी लाला पड़ियार पर मूक पशु के साथ आपत्तिजनक कृत्य करने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि यह घटना लोहे का कारोबार करने वाले गिल्ला बंधु के प्रतिष्ठान में हुई और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में घटना रिकॉर्ड होने का दावा किया जा रहा है। मामले की जानकारी ग्रामीणों और पंच-सरपंच तक पहुंचने के बाद गांव में पंचायत की बैठक बुलाई गई। बैठक में घटना को अत्यंत गंभीर और निंदनीय बताते हुए पंचों और ग्रामीणों ने आपसी सहमति से लाला पड़ियार को गांव से बाहर करने का निर्णय लिया। सरपंच बालेंद्र पटेल ने बताया कि मूक पशु के साथ इस प्रकार का कथित कृत्य बेहद निंदनीय है। संबंधित युवक को गांव से बाहर करने का निर्णय लिया गया।

मामले में की जा रही पुलिस जांच की मांग

आपसी सहमति से ले लिया निर्णय

घटना को अत्यंत गंभीर और निंदनीय बताते हुए पंचों और ग्रामीणों ने आपसी सहमति से लाला पड़ियार को गांव से बाहर करने का निर्णय लिया।



फाइल फोटो

दुकान संचालक द्वारा मारपीट किए जाने का भी आरोप

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि लाला पड़ियार, गिल्ला बंधु के प्रतिष्ठान पर काम करता था। कथित घटना की जानकारी मिलने के बाद दुकान संचालक द्वारा उसके साथ मारपीट किए जाने की बात भी ग्रामीणों के बीच सामने आई है। मारपीट संबंधी आरोपों की भी स्वतंत्र रूप से पुष्टि होना बाकी है। पुलिस जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा।

पुलिस को क्यों नहीं दी, सूचना उठे सवाल

अब प्रतिष्ठान संचालक की भूमिका को लेकर भी ग्रामीण स्तर पर सवाल उठ रहे हैं। यदि प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी कैमरों में इतनी गंभीर घटना रिकॉर्ड हुई थी और संचालक को इसकी जानकारी हो गई थी, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को क्यों नहीं दी गई। ग्रामीणों का कहना है पुलिस को तत्काल सूचित किया जाना चाहिए था। ग्रामीणों की मांग है कि पुलिस पूरे मामले में केवल आरोपी युवक की कथित भूमिका ही नहीं, बल्कि घटना की जानकारी रखने वाले लोगों, सीसीटीवी फुटेज की उपलब्धता, सूचना पुलिस को देने में हुई कथित देरी तथा युवक से मारपीट के आरोपों की भी जांच करे।

सीसीटीवी फुटेज बन सकता है अहम साक्ष्य

घटना से जुड़ा कथित सीसीटीवी फुटेज प्रतिष्ठान में लगे कैमरों में रिकॉर्ड होने की बात कही जा रही है। ऐसे में पुलिस जांच के लिए फुटेज अहम साक्ष्य साबित हो सकता है। फुटेज को सुरक्षित रखना, उसकी प्रामाणिकता की जांच करना और घटनाक्रम की समय-रेखा स्पष्ट करना महत्वपूर्ण होगा।

इनका कहना

मूक पशु के साथ इस प्रकार का कथित कृत्य बेहद निंदनीय है। ऐसी घटनाओं से पूरे गांव और समाज की बदनामी होती है। संबंधित युवक को गांव से बाहर करने का निर्णय लिया गया।

बालेंद्र पटेल
सरपंच ग्राम निमसाड़िया

शराब के नशे में वाहन चलाने पर 30 हजार का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं अनुविभागीय अधिकारी जितेंद्र कुमार पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना देहात उषा मरावी के नेतृत्व में पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे वाहन चैकिंग अभियान में थाना देहात पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। 9 अगस्त तक चले वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक MP05/ZA 2686 एवं वाहन क्रमांक MP05/ZG 7532 की चेकिंग के दौरान वाहन चालक शराब के नशे में होना पाया गया । जिस पर थाना देहात द्वारा उक्त दोनों वाहन के चालकों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इस्तगासा तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा उक्त दो वाहन क्रमांक MP05/ZA 2686 के चालक पर 15,200 एवं वाहन क्रमांक MP05/ZG 7532 के चालक पर 15,000 रु के जुर्माने से दंडित किया गया है।

लापरवाही के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार



नर्मदापुरम। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों के लिए चिन्हित शिकायतों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा कलेक्टर ने की। समीक्षा के दौरान कई शिकायतें अभी भी लंबित पाए जाने पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत चिन्हित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार किया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। शिकायतों के निराकरण में कोताही बरतने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी अधिकारी केसला शिविर के पूर्व ही शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें।

सीएमओ देशमुख ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा समस्त शाखाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली गई। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्प लाइन से संबंधित समस्त शिकायतों का अधिकतम संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों का निराकरण करने में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। बारिश को ध्यान में रखते हुए अलर्ट रहें। उन्होंने 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व



स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों कर्मचारियों से वन-टू-वन चर्चा की। साथ ही तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, इंजीनियर्स मुकेश जैन, दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, रीना गुप्ता, गौरव वर्मा, स्वच्छता शाखा से विशाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

इटारसी वार्ड 14 के पार्षद अमित कापरे ने किया नवाचार, वार्ड में लगाई जनता की अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 14 के कांग्रेस पार्षद अमित कापरे द्वारा रविवार को अपने वार्ड को लेकर एक अनूठा नवाचार किया गया। दरअसल कापरे ने अपने पार्षद कार्यकाल के 4 वर्ष पूर्ण होने पर सूरजगंज स्थित एक निजी मैरिज हॉल में अपने वार्ड वासियों के लिए ₹आप की अदालत₹ का आयोजन किया। इन्होंने अपने आयोजन को जनता बोले नाम का शीर्षक दिया। भारी बारिश के बीच वार्ड की जनता ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय है कि आज तक किसी भी पार्षद ने इस तरह का आयोजन अपने वार्ड में नहीं किया होगा। जिसमें सीधे जनता का सामना करना पड़े उनके सवालों के जवाब देने पड़े उनसे संवाद करना पड़े। कार्यक्रम का संचालन कर रहे एंकर राहुल अग्रवाल ने उपस्थित जन



समुदाय से प्रश्न किए। एक पार्षद से आम नागरिक की जो अपेक्षाएं होती हैं बीते 4 वर्षों में उन पर उनका चुना हुआ पार्षद खरा उतर पाया या नहीं। ऐसी कौन-कौन सी समस्याएं हैं जो हल नहीं हुई। ऐसे कौन से कार्य है जो निकट भविष्य में होने चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता के हित से जुड़ी छोटी-छोटी चीजों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सीपीसीटी की अनिवार्यता में शिथिलता के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासन के विभागों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति के लिए सीपीसीटी परीक्षा की अनिवार्यता में शिथिलता प्रदान करने की मांग की गई है। इस संबंध में जिले के समस्त विभागों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के नाम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अभिमन्यु राजपूत लघुवेतन कर्मचारी संघ




अध्यक्ष, के एन त्रिपाठी प्रांतीय उपाध्यक्ष लिपिक संघ, अरविन्द तिवारी जिला अध्यक्ष लिपिक संघ, एच के वर्मा प्रांतीय सचिव, मनीष कुशवाह, दीपक चन्दौल, पी सी चौरे, शेख जमील, अशोक वर्मा, हेमन्त बडोने, मृत्यूनजय सरला, विनय यादव, नागेन्द्र नागा, अमित जयसवाल, अमित सागोरिया, अभिषेक तौमर, अभिषेक कहार, कैलाश डेहरिया, दिलीप साहू,योगेन्द्र वामालिया, मुरारी एवं अन्य लोक सेवक उपस्थित रहे।

नर्मदा तट से लगकर ही किया जा रहा निर्माण न्यायालय के आदेशों की हो रही अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा नदी के तटों को अतिक्रमण और प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि नदी किनारे तय सीमा 300 मीटर के दायरे के भीतर किसी भी प्रकार का नया निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद, नर्मदापुरम के कोरीघाट पर न्यायालय के आदेशों और प्रशासनिक प्रतिबंधों की अनदेखी करते हुए एक बार फिर धड़ल्ले से अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

गौरतलब है कि निर्माणकर्ताओं द्वारा पहले भी नर्मदा तट पर नियम विरुद्ध निर्माण कराया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर स्थानीय



प्रशासन, एसडीएम और नगर पालिका की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया था। उस दौरान प्रशासनिक कार्रवाई के तहत निर्माण सामग्री भी जब्त की गई थी।

यहां फिर से 100 मीटर के अंदर ही अवैध निर्माण कार्य कर रहा हैस्थानीय संरक्षण के बल पर बेखौफ संचालक प्रशासनिक जब्ती और रोक के बावजूद होटल संचालक द्वारा पुनः अवैध निर्माण शुरू कर दिए जाने से स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली और स्थानीय लोगों के संरक्षण के कारण ही निर्माणकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं और वह बेखौफ होकर नर्मदा के बिल्कुल किनारे यह अवैध निर्माण करा रहे है।

कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, पुलिस एवं स्थानीय निकाय से मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करने वाले होटल संचालक पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

सांसद माया नारोलिया ने उठाया जलवायु परिवर्तन का अहम मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा में सांसद माया नारोलिया ने विशेष उल्लेख के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के बीच कृषि और जल प्रबंधन को लेकर दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चुनौती नहीं, बल्कि वर्तमान की गंभीर समस्या बन चुका है। अनियमित वर्षा, बढ़ता तापमान, सूखा, अतिवृष्टि और बदलते मौसम चक्र का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि केवल प्राकृतिक आपदाओं के बाद राहत



उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए दूरदर्शी सोच के साथ अभी से ऐसी नीतियां तैयार करनी होंगी, जो आने वाले दशकों में किसानों और जल संसाधनों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाने में सक्षम हों। उन्होंने कहा कि प्रदेश नर्मदा, चंबल, सोन और ताप्ती जैसी महत्वपूर्ण नदियों तथा समृद्ध कृषि परंपरा वाला राज्य है।

नागद्वारी मेले में टीम की तत्परता, घायल को सुरक्षित निकालकर पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के हिल स्टेशन पचमढ़ी में आयोजित नागद्वारी मेले में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। लाखों श्रद्धालु अब तक नागद्वारी पहुंचकर भगवान पद्मशेष के दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पूरे नागद्वारी ट्रैक पर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मेले के दौरान किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए होमगार्ड, एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस के जवानों को संवेदनशील एवं दुर्गम स्थानों पर तैनात किया गया है। रेस्क्यू दल



लगातार मार्गों पर निगरानी रखते हुए श्रद्धालुओं को सावधानी बरतने तथा निर्धारित मार्गों का उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं। मेले के दौरान हनुमान गढ़ी के दुर्गम क्षेत्र में एक श्रद्धालु फिसलकर घायल हो गया। हादसे में उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम को तत्काल अलर्ट किया गया। टीम मौके पर पहुंची और घायल श्रद्धालु को स्ट्रेचर पर लिया। कठिन एवं दुर्गम मार्ग से टीम ने उसे सुरक्षित नीचे उतारा और तत्काल अस्पताल पहुंचाया। समय पर रेस्क्यू किए जाने से घायल श्रद्धालु को शीघ्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकी। मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने रेस्क्यू टीम की तत्परता एवं साहसिक कार्य की सराहना की।

प्लाटून कमांडर एवं आपदा प्रबंधन अधिकारी अमृता दीक्षित के मार्गदर्शन में नागद्वारी मेले में तैनात एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस की टीमें लगातार अलर्ट मोड पर कार्य कर रही हैं।

नाटकः दयाशंकर की डायरी ने दर्शकों को किया भावविभोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कतिया समाज मंगल भवन, न्यू यार्ड, इंदिरा नगर, इटारसी में बिंदेश्वरी सांस्कृतिक कला समिति की ओर से 'दयाशंकर की डायरी' नाटक की सुंदर एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई।नाटक के मुख्य प्रबंधक अभिषेक सैनी ने बताया कि 'दयाशंकर की डायरी' नाटक का निर्देशन एवं प्रदर्शन मुकेश माढलेकर द्वारा किया गया। नाटक बहुत ही मार्गदर्शक एवं सामाजिक संदेश देने वाला रहा। नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे। दर्शकों ने नाटक का भरपूर आनंद लिया तथा प्रस्तुति की सराहना करते हुए बीच-बीच में खूब तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में रामदयाल उमरिया, मनोहर गुजरे, रेवाराम सरवरे, मनोहर ढोके, रमेश चौरे, भैयालाल बिल्लौरे सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे।

स्थानीय रेस्टोरेंट में हुआ आयोजन

इटारसी में देशभक्ति के रंग में रंगा 'स्वरांजलि' कार्यक्रम, महिलाओं ने दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को स्थानीय रेस्टोरेंट में मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा, इटारसी द्वारा "स्वरांजलि देशभक्ति गीत प्रतियोगिता" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 18 प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों में राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत किया।

कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में राधा दयाल एवं इतिश्री रे उपस्थित रहीं। दोनों निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर महासभा की अध्यक्ष प्रलभ अग्रवाल, सचिव रश्मि पंकज अग्रवाल, उपाध्यक्ष रितु राजेंद्र अग्रवाल, जिला महामंत्री अंशु अश्विनी अग्रवाल सहित इटारसी में महासभा की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अर्चना संतोष अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। महासभा की सदस्याएं भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुईं।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पल्लवी नरवरे, द्वितीय स्थान रजनी चावला तथा तृतीय स्थान सुचिता मालवीय ने प्राप्त किया। वहीं कंसोलेशन पुरस्कार राखी चांडक, पूजा मालवीय, पूजा राजपूत, सुशीला मालवीय एवं साक्षी भारद्वाज को प्रदान किए गए। विजताओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण-पत्र देकर उनके उत्साह और प्रतिभा की सराहना की गई।

यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने नपा की कार्रवाई दो ठेले जब्त

नर्मदापुरम। श्रावण मास को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका की टीम द्वारा नगर में विभिन्न क्षेत्रों यातायात सुगम बनाने हेतु कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को सतरस्ता, ग्वालटोली पुलिया और पुराने थाने के सामने रखे ठेलों को हटाया गया। जो मार्ग अवरूद्ध कर रहे थे,उन्हें जब्त किया गया। इससे पूर्व ठेले वालों को कई बार समझाइश भी दी जा चुकी थी। अतिक्रमण दल के शेख शिकंदर ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में यातायात सुगम बनाने के लिए सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। सोमवार को 2 ठेले जब्त किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान शेख अकबर, ब्रजेश सारवान कैलाश कन्नोजिया, नीतेश गौर, सतीष रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

झूलेलाल चालीहा महोत्सव में 20वें दिन की गई विशेष आरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव के 20वें दिन श्री झूलेलाल मंदिर में विशेष आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार वाधवानी (ग्वालियर), प्रदेश महामंत्री महेश थारवानी (रीवा), सिंधी मेला समिति अध्यक्ष मनीष दरयानी (भोपाल) एवं भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश विधानी (भोपाल) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अतिथियों को पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं झूलण सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा भगवान श्री झूलेलाल की पखर पहनाकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं।

खबर संक्षेप

घर में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। बैतूल बाजार थाना पुलिस ने ग्राम सोहागपुर में छह माह पहले हुई घर में चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब एक लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार ग्राम सोहागपुर निवासी अमृतराव पांडे 1 फरवरी को सुबह करीब 10.30 बजे खेत गए थे। घर पर ताला लगा था। उनकी पत्नी और बहू बैतूल में रिश्तेदार के घर बारसा कार्यक्रम में गई थीं। शाम करीब 5 बजे लौटने पर घर का ताला टूटा मिला। अंदर दो अलमारियों के दरवाजे खुले थे और सामान बिखरा था। जांच में सोहागमाला, पेंडल, दो अंगूठियां, दो जोड़ी झुमके, पायल, बच्चे के चांदी के जेवर और सोने का नाक का मुखड़ा समेत अन्य सामान गायब मिला। दो पोस्ट ऑफिस एफडी भी नहीं मिलीं। फरियादी की रिपोर्ट पर बैतूल बाजार थाने में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने साक्ष्यों और संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर 7 अगस्त को जितेन्द्र उर्फ मंजले विश्वकर्मा (25), निवासी नरसिंहपुर और बबलू उर्फ कृष्णकुमार चौरे (40), निवासी छिंदवाड़ा को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया। बबलू के कब्जे से सोने की सोहागमाला, पेंडल, चांदी की पैरपट्टी और सोने की अंगूठी बरामद हुई। पुलिस के अनुसार कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय सिंह ठाकुर सहित टीम की भूमिका रही।

विश्व आदिवासी दिवस पर महारैली आज

बैतूल। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 11 अगस्त को बैतूल में विशाल महारैली का आयोजन किया जाएगा। महारैली को देखते हुए यातायात पुलिस ने शहर में विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। आम लोगों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम खत्म होने तक शहर के मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान ट्रक, डंपर और मल्टी-एक्सल समेत सभी तरह के भारी वाहनों को शहर के मुख्य मार्गों पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वाहन चालकों से बाईपास और दूसरे वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने की अपील की गई है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे इस समय के दौरान शहर में आने के लिए बाईपास और निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही इस्तेमाल करें। शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

संपर्क अभियान के तहत शिविर आज

बैतूल। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-2 द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए संपर्क अभियान के तहत 11 अगस्त को शिविर आयोजित किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-2 के प्रबंधक ने बताया कि 11 अगस्त को सुबह 10 बजे से जिला जेल परिसर के समीप धर्माधिकारी बंगला में आयोजित शिविर में क्लस्टर क्रमांक -3 के गांधी वार्ड क्रं-6 और तिलक वार्ड क्रं-9 के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ लेने अपील की है।

'मांगें नहीं मानीं तो आज से प्रदेशभर में हड़ताल'

बैतूल। ई-अटेंडेंस के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन के बाद अब कृषि विस्तार अधिकारियों ने सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ जिला इकाई बैतूल ने कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर 11 अगस्त 2026 तक मांगों पर ठोस और सकारात्मक निर्णय लेने की मोहलत दी है। संघ ने दोटूक चेतावनी दी है कि तय समय तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेशभर के कृषि विस्तार अधिकारी अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे। अधिकारियों ने कहा है कि हड़ताल से किसान कल्याण वर्ष 2026 के लक्ष्यों के क्रियान्वयन में आने वाली किसी भी बाधा की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

अस्पताल परिसर में 84.98 लाख से बना विश्रामालय, संचालन के अभाव में बना औपचारिक

बंद विश्रामालय के सामने रुकने को मजबूर मरीज और उनके परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



जिला अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनों के ठहरने के लिए बनाया गया विश्रामालय लोकार्पण के दो माह बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। जिससे मरीज और उनके परिजन बंद विश्रामालय के बाहर रूकने को मजबूर हैं, जबकि विगत 31 मई को 84.98 लाख रुपये की लागत से निर्मित विश्रामालय का लोकार्पण केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय दुर्गादास उईके, विधायक बैतूल एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत हंसराज धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

लोकार्पण को लगभग दो माह बीत चुके हैं, लेकिन विश्रामालय का संचालन नियमित शुरू नहीं हो सका। बता दें कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों के परिजनों के अस्पताल परिसर में रुकने के लिए 30 बेड के विश्रामालय का निर्माण किया गया है। स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री डीडी उडक़े एवं विधायक तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा मरीज के परिजनों को सुविधा दिलवाने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की राज्यसभा निधि से लगभग 80 लाख रुपये स्वीकृत करवाकर उक्त विश्रामालय का निर्माण करवाया गया था, लेकिन जिला अस्पताल प्रबंधन लोकार्पण के दो माह बाद भी इसे शुरू नहीं कर पाया है। अभी भी विश्रामालय भवन में ताला लटका हुआ है। जिसके पीछे अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि अभी स्टॉप और शुल्क का निर्धारिण नहीं किया जा सका है। यही वजह है कि विश्रामालय नियमित शुरू नहीं हो सका है और मरीजों के परिजन बाहर ही बैठे रहते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं मरीज

जिला अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज आते है। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज भी शामिल है। जिन्हें आवश्यकतानुसार भर्ती किया जाता है। ऐसे में मरीजों के साथ आने वाले परिजन अस्पताल परिसर या भर्ती वार्डो के सामने रात गुजारते थे। परिजनों को अक्सर कई-कई दिनों तक अस्पताल परिसर में ही रुकना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए शासन द्वारा अस्पताल परिसर में विश्रामालय का निर्माण कराया गया था, ताकि परिजनों को सुरक्षित और सुविधाजनक ठहराव मिल सके, लेकिन विश्रामालय बनकर तैयार होने और लोकार्पण के बाद भी इसका उपयोग शुरू न हो पाना प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण बनता जा रहा है। लोगों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा पूर्व में ही विश्रामालय के संचालन के लिए योजना बनाई जानी थी।

इनका कहना है...

विश्रामालय के संचालन के लिए स्टॉफ की ड्यूटी और शुल्क का निर्धारण अभी नहीं हुआ है। जल्द ही व्यवस्था बनाकर विश्रामालय का नियमित संचालन शुरू किया जायेगा, ताकि मरीजों के परिजनों को विश्रामालय का लाभ मिल सके।

- डॉ. जगदीश घोरे
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल

भवन तैयार, लोकार्पण भी, लेकिन संचालन शुरू नहीं

जिला अस्पताल भवन में निर्मित विश्रामालय के संचालन को लेकर अभी तक शुल्क का निर्धारण नहीं हो पाया है और न ही स्टॉफ की ड्यूटी तय हो पाई है। जबकि जानकारी के अनुसार सराय भवन के लिए आवश्यक फर्नीचर, बेड, बिस्तर और अन्य सामग्री की खरीदी भी की जा चुकी है। इसके बावजूद संचालन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। ऐसे में मरीजों के साथ आने वाले उनके परिजनों को ठहरने की उचित सुविधा नहीं मिल पा रही है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि जिला अस्पताल में पहले से ही स्टॉफ की कमी बनी हुई है, ऐसे में लाखों रूपये की लागत से विश्रामालय का निर्माण तो उचित है, लेकिन संचालन नहीं होने की वजह से मरीजों के परिजनों को यहां-वहां रूकना पड़ रहा है। कई परिजन परिसर में राते गुजार रहे है तो कोई बरामदे में बैठे रहते है। जिसके कारण उन्हें परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।

विश्रामालय भवन होने के बाद भी इधर-उधर काट रहे रातें

जिला अस्पताल में मरीजों के परिजनों के लिए बनाया गया विश्रामालय भवन का संचालन शुरू नहीं होने के कारण मरीजों के परिजनों को इधर-उधर राते गुजारनी पड़ रही है। हालात यह है कि कोई मर्ती वार्ड के सामने सो कर राते गुजार रहा है तो कोई अस्पताल परिसर या बरामदे में सो रहे हैं। ऐसे में उन्हें न तो सुरक्षा मिल पाती है और न सुविधाएं। इधर 85 लाख का भवन तैयार और लोकार्पण के बाद भी औपचारिक बना हुआ है। क्योंकि संचालन के अभाव में यह भवन सिर्फ नाम मात्र की भूमिका निभा रहा है। मरीजों के परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन को इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेकर विश्रामालय का संचालन शुरू करना चाहिए, ताकि लाखों की लागत से बने विश्रामालय का लाभ मरीजों के परिजनों को मिल सके।

लाखों खर्च के बाद भी नहीं मिल रहा इसका फायदा

बताया जा रहा है कि विश्रामालय के लिए पलंग, गद्दे, सीलिंग फेन समेत अन्य सामान भी यहां बुलवा लिये गये है, लेकिन कर्मचारियों का स्टाफ नहीं होने और शुल्क निर्धारण का हवाला, अस्पताल प्रबंधन दे रहा है। जबकि मरीजों के परिजन अब भी यहां इसी भवन के बाहर रुकते हैं, इस उम्मीद में कि कभी तो इसके ताले खुलेंगे। मैनेजर, सुरक्षा गार्ड, सफाईकर्मी, काउंटर कर्मचारी समेत कर्मचारियों का स्टाफ नहीं होने के कारण 85 लाख का भवन और पलंग, गद्दे सामान का फायदा मरीजों के परिजनों को नहीं मिल रहा है। वे विश्रामालय के सामने ही सोते हैं। बारिश होने पर अस्पताल परिसर में रात गुजारते हैं।

स्वस्थ व संस्कारवान जीवन का दिया संदेश

महाअभियानः विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरा

ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पावन स्मृति में संचालित 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत शाहपुर क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में हायर सेकेंडरी स्कूल भोरा हाई स्कूल कछार माध्यमिक शाला कछार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से दूर रखते हुए उन्हें स्वस्थ, चरित्रवान एवं मूल्यनिष्ठ जीवन के प्रति प्रेरित करना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, भविष्य और समाज को भी प्रभावित करता है। इसलिए नशे से दूर रहना ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है। शासकीय हाई सेकेण्डरी स्कुल भौरा हाई स्कूल कछार माध्यमिक शाला कछार आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ की बीके अरणा दीदी ने विद्यार्थियों को राजयोग ध्यान, आत्मसशक्तिकरण और जीवन मूल्यों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, आत्मसंयम और आध्यात्मिक जागरूकता के माध्यम से व्यक्ति किसी भी प्रकार के नशे की लत से स्वयं को बचा सकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि नशा क्षणिक सुख का भ्रम पैदा करता है, जबकि उसका परिणाम शारीरिक बीमारियों, मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान, पारिवारिक विघटन, अपराध की प्रवृत्ति तथा सामाजिक सम्मान में कमी के रूप में सामने आता है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल, तंबाकू, गुटखा, शराब और अन्य सभी प्रकार के नशों से दूर रहने, अच्छी संगति अपनाने, माता-पिता का सम्मान करने, नियमित अध्ययन, योग एवं ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अपने मित्रों और परिवार के लोगों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने स्वयं नशा न करने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली। इसी क्रम में हायर सेकेण्डरी भौरा विद्यार्थी एवं समस्त विद्यालय स्टाफ शामिल हुआ। वही प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बीके नंदिनी, ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहने जनपद सदस्य सुधीर नायक जय किशोर मिश्रा सहित शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

शाहपुर में 57 मिमी बरसा पानी

बैतूल में 24 घंटे में 21.6 मिमी बारिश, चार दिन बारिश के आसार



बैतूल। जिले में मानसून ने फिर से गति पकड़ी है। 24 घंटों के दौरान बैतूल शहर में 21.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। शाहपुर में 57 मिमी, चिचोली में 51 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 55 मिमी और भीमपुर में 17 मिमी वर्षा हुई।

रविवार रात शुरू हुई बारिश रातभर जारी रही। जिले के कई हिस्सों में मौसम खुशनुमा हो गया। भू-अभिलेख विभाग द्वारा सोमवार सुबह 8 बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार, इस मानसून सीजन में बैतूल शहर में अब तक कुल 414.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। यह पिछले साल की इसी अवधि में हुई 384 मिमी बारिश से 30.4 मिमी अधिक है। जिले की औसत बारिश अब 512.9 मिमी हो गई है, जो सामान्य औसत 1083.9 मिमी के लगभग आधे के बराबर है। हालांकि, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश का वितरण अभी भी असमान बना हुआ है। घोड़ाडोंगरी में 663.5 मिमी, चिचोली में 686.4 मिमी और भीमपुर में 637.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि आठनेर में यह आंकड़ा केवल 325.2 मिमी रहा है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। 11 अगस्त को बारिश और गरज-चमक के साथ गतिविधियां जारी रह सकती हैं। इसके बाद 12 से 14 अगस्त तक भी बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने इस दौरान पूरे मप्र में बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है।

राष्ट्रीय गीत का हुआ सामूहिक गायन

हर-घर तिरंगा अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका में उकेरी रंगोली



सारनी। हर-घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में रंगोली सजाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिला बाला विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने हर-घर तिरंगा एवं वंदेमातम थीम पर रंगोली उकेरी।

नगर पालिका कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दोपहर 2 बजे से रंगोली उकेरने का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। महिला बाल विकास विभाग एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने यहां एक से बढक़र एक रंगोली उकेरी। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य, उपयंत्री रविंद्र वराठे, हर-घर तिरंगा अभियान के नोडल अधिकारी केके भावसार, सहायक नोडल अधिकारी कमलेश पटेल समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने सहभागिता की। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका क्षेत्र में भी हर-घर तिरंगा अभियान का आयोजन 9 से 17 अगस्त तक किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने आकर्षक रंगोली उकेरी। आगामी 13 दिसंबर को निकाय द्वारा पूरे शहर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें भी शासकीय, अर्धशासकीय, अशासकीय संस्थाएं, स्वयं सेवी संस्थाएं, सभी शैक्षणिक संस्थाएं शामिल होंगे। उन्होंने सभी से पूरे अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया है। इस अवसर पर विनायक बागड़े, केएल सोनारे, सुखदेव बोरपी , कमलेश अहिरवार, शिवम डेहरिया, आरके मरकाम, दिलीप भालेराव, राजेश बगाहे, प्रियंका उइके, कीर्ति सारवान, महिला बाल विकास विभाग से कांति गुलबासे के अलावा अन्य कर्मचारीगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन नोडल अधिकारी केके भावसार, संचालन रंजीत डोंगरे ने किया।

पीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह

आमला के आदित्य सूर्यवंशी ने प्राप्त की एमटेक की डिग्री



बैतूल। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली में 8 अगस्त को 57 वां दीक्षांत समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें हरीश साल्वे, मानव संसाधन विकास मंत्री प्रहलाद जोशी, नीति आयोग के सदस्य अभय कारन्दीकर व आईआईटी दिल्ली के डायरेक्टर रंगत बनर्जी सहित अन्य प्रोफेसर्स उपस्थित थे। कार्यक्रम में एयरफोर्स स्टेशन आमला के केंद्रीय विद्यालय से स्कूली शिक्षा प्राप्त आदित्य सूर्यवंशी को आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग के मैकेनिकल ब्रांच के अप्लाइड मैकेनिक्स एवं मशीन डिजाइन से मास्टर्स डिग्री प्रदान की गई। आदित्य सूर्यवंशी के पिता बसंत सूर्यवंशी नागपुर मंडल मध्य रेल के आमला स्टेशन पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर (मैकेनिकल) के पद पर कार्यरत है। उनकी माताजी श्रीमती कविता सूर्यवंशी गृहिणी होने के साथ-साथ अखिल भारतीय क्षत्रिय किराड़ महासभा (महिला), की प्रांतीय उपाध्यक्ष हैं। इनकी छोटी बहन कु. परी सूर्यवंशी भोपाल स्कूल आफ सोशल साइंस से राजनीति शास्त्र से बी.ए. ऑनर्स की पढ़ाई कर रही हैं। इनके दादाजी श्री तुलारामजी सूर्यवंशी फारेस्ट के रेंज आफसिर के पद से सेवानिवृत्त होने के पश्चात वर्तमान में मुलताई तहसील के ग्राम पंचायत सर्रा में सरपंच के पद से अपनी सामाजिक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

भाजपा कार्यालय में हुआ कांवड़ियों का स्वागत

कांवड यात्रा में गूंजे बोल बम के जयकारे

बैतूल। बैतूल नगर के विनोबा नगर स्थित शिव मंदिर उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य शिव शरणम कांवड यात्रा सोमवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। सोमवार सुबह 7 बजे मां ताप्ती घाट, खेड़ी सावलीगढ़ से प्रारंभ हुई कांवड़ यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए भाजपा कार्यालय विजय भवन पहुंची जहां यात्रा में बडी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर शामिल हुए और पूरे मार्ग में भगवान शिव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा के दौरान कांवडियों का भाजपा कार्यालय विजय भवन में गर्म जोशी से स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने कावड का विधिवत पूजन कर कांवडियों को स्वल्पाहार कराया गया। इस अवसर पर कांवडियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा उन्हें यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक बोल बम, हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं कोठीबाजार मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, पिछडा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री अतीत पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष पिछडावर्ग मोर्चा महेन्द्र संजू सोलंकी, मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष अनिल पंवार, मंडल महामंत्री आशीष पंवार, प्रवीण वराठे एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



उपभोक्ताओं को मिलेगा बेहतर वोल्टेज

बैतूल। चिचोली ब्लॉक के अंतर्गत वितरण केंद्र भीमपुर के 33/11 केवी उपकेंद्र गुरुवा पिपरिया में 10 अगस्त को अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उपकेंद्र की क्षमता में वृद्धि की गई। यहां 3.15 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक चार्ज किया गया। क्षमता वृद्धि से आगामी सिंचाई सीजन में क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस कार्य से जीरूढना फीडर से जुड़े लगभग 250 कृषक उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इनमें जीरूढना, सागबन्नी, पड़ार और बोड़लधाना ग्राम शामिल हैं।

लूट के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार

व्यापारी की आंख में मिर्च डालकर की थी वारदात

बैतूल। व्यापारी की आंखों में मिर्च डालकर लूट के प्रयास के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना के समय पहने कपड़े और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।



आरोपी की पहचान इरशाद पिता मुन्ने खां (24), निवासी आरिफ नगर, थाना गौतम नगर, भोपाल के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, 1 जुलाई को फरियादी निर्मल पिता ललित पोपली, निवासी गंज ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अज्ञात आरोपियों ने लूट के इरादे से उनकी आंखों में मिर्च डालकर वारदात करने का प्रयास किया। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसके साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस के अनुसार, 9 अगस्त को सूचना मिली कि मामले का फरार आरोपी इरशाद भोपाल के आरिफ नगर में मौजूद है। इसके बाद पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे भोपाल से हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद इरशाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। मामले में इससे पहले आरोपी अरुण पिता भुजंग महार, निवासी बंगाली कॉलोनी, आदमगढ़, नर्मदापुरम और एक विधि-विरुद्ध अपचारी बालक को गिरफ्तार किया जा चुका है।

जनविश्वास शिविरों का प्रभावी आयोजन करें, लापरवाही पर रहेगा जीरो टॉलरेंस

शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर डॉ सोनवणे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत सेक्टर स्तर पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ संबंधित विषय से जुड़ी अन्य शिकायतों का भी जिलेभर में प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सेक्टर स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों से पहले अधिकारी संबंधित ग्रामों का भ्रमण कर शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा बैठक में दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार सभी विभागों के अधिकारी कार्यालय में न रहकर फील्ड में जाएं और आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। एसडीएम भी निर्धारित रोस्टर के अनुसार अपने क्षेत्रों का भ्रमण करें। उन्होंने जनविश्वास शिविरों का प्रभावी एवं व्यवस्थित आयोजन करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। अधिकारियों के भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ियों और स्कूलों का भी निरीक्षण कर वहां पाई जाने वाली कमियों में आवश्यक सुधार कराया जाए। कलेक्टर ने सख्त हिदायत दी कि पटवारी, सचिव, शिक्षक सहित ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो लगातार अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते हैं अथवा आमजन की



शिकायतों को लंबित रखते हैं, उनके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस रहेगा। कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण को नगरीय निकायों में ट्रेंचिंग ग्राउंड, वेस्ट प्रोसेसिंग सहित अन्य संबंधित कार्यों का निरंतर फॉलोअप कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनविश्वास शिविरों के दौरान आधार कार्ड निर्माण तथा मेडिकल बोर्ड के आयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि शिविरों में पंचायतवार अलग-अलग स्टॉल लगाए जाएं, ताकि आमजन को आवेदन देने एवं संबंधित विभाग तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

15 अगस्त की तैयारियां शीघ्र पूर्ण करें

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण, जिला स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश के लाइव प्रसारण, मुख्य कार्यक्रम स्थल पर विद्युत आपूर्ति एवं बैठक व्यवस्था, देशभक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को सभी नगरीय निकायों एवं जनपद मुख्यालयों में तथा 14 अगस्त को सभी ग्राम पंचायतों में तिरंगा रैली का भव्य एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

माखननगर में हर घर तिरंगा अभियान का आगाजः निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

9 अगस्त से 7 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत माखन नगर में रामलीला रंगमंच मंगलवार बाजार से विशाल तिरंगा रैली निकाली गई।

जिसमें क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला न प अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी हाथों में तिरंगा ध्वज लिए शामिल हुए रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थी छात्र, छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए छात्र-छात्राएं वंदे मातरम और भारत माता की जय बोलते हुए चल रहे थे तिरंगा यात्रा में भारत माता की झांकी सहित राष्ट्रीयता प्रदर्शित करती झांकियां साथ में चल रही थी वहीं बैंड और डीजे में राष्ट्रीय गीत बज रहे थे यात्रा में नगर के सामाजिक संगठन गणमान्य नागरिक अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए तिरंगा यात्रा का समापन नसीराबाद रोड पार्क में हुआ। तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी विपिन यादव रिलायंस क्लब अध्यक्ष राजेश मीणा जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य अजीत सेठी सुरेश अग्रवाल वेयरहाउस संगठन के अध्यक्ष बंटी साहू मुकेश तिवारी संजय अग्रवाल सूरज मालवी मुकेश मालवीय नगर के पार्षद क्षेत्र के सरपंच गण जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजीत ताराम मुख्य नगर पालिका अधिकारी जी एस राजपूत तहसीलदार एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

नपा अध्यक्ष की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से मंगलवारा चौराहे से होते हुए सभी प्रमुख मार्गों पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसकी अगुवाई नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी बीआरसी प्रदीप शर्मा प्राचार्य अरविंद रघुवंशी सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र के साथ हाथों में तिरंगा लहराते हुए यात्रा निकाली गई।

नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि तिरंगा यात्रा से बच्चों में देश प्रेम और युवा शक्ति का समावेश जरुरी है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने बताया कि सरकार द्वारा दिनांक 7 अगस्त से 17अगसत तक चलेगा। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 13अगसत को नगरपालिका परिषद और जनपद क्षेत्रों में रैली निकाली



जाएगी। तथा 14 अगसत को पंचायत क्षेत्र में तिरंगा रैली निकाली जाएगी। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने बताया कि रैलियों का नेतृत्व समाज के वरिष्ठ नागरिक और विद्यार्थियों सामाजिक संगठनों एनजी ओ की सहभागिता सुनिश्चित रहेगी।

खबर संक्षेप

खड़ी गाय को ट्रक चालक ने मारी टक्कर

पिपरिया। पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हतवास में जिओ पैट्रोल पंप के पास शोभापुर रोड पर एक सफेद रंग की गाय जो सुत्रो के अनुसार सड़क किनारे खड़ी हुई थी। अचानक ट्रक नंबर एम ,पी 07 एच, वी ,2108के चालक के द्वारा खड़ी गाय को टक्कर मारी मारने के बाद भागने का प्रयास किया गया था। लेकिन सुबह से ही लगातार बरसात होने से गाड़ी कीचड़ में फस गई थी। इसलिए चालक ने गाड़ी खड़ी कर अन्य गाड़ी बाले को बुलाकर गाय को निकालने का प्रयास किया गया। लगभग एक घंटा लगने से भीड़ इकट्ठी हो गई थी, तब जाकर गाय को सुरक्षित निकाला गया प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भी ले जाया गया था।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत वार्ड 5 में हुआ जनसंवाद

बुधनी। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 5 में भ्रमण कर नागरिकों से जनसंवाद किया गया। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने वार्ड का भ्रमण कर नागरिकों से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली।

रैली में मेधावी विद्यार्थियों और शराबबंदी के लिए संघर्षरत महिलाओं का किया सम्मान

विश्व आदिवासी दिवस हुआ आयोजित दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक

विश्व आदिवासी दिवस पर क्षेत्रीय आदिवासी समाज द्वारा गत दिवस शहर के नया बस स्टैंड परिसर में कार्यक्रम किया गया। जिसमें समाज की संस्कृति, परंपरा, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, नशामुक्ति, जल-जंगल-जमीन संरक्षण विषयों पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

समाज से अंकित कुबरे ने बताया कि आयोजन में आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ादेव को महुआ फूल अर्पित करने के बाद अतिथि स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गोंडी गीत, डंडा नृत्य, पारंपरिक वाद्य यंत्र प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में विक्रम परते ने बताया कि वे 193 देशों की विश्व आदिवासी बैठक में शामिल हुए। जहां उन्होंने आदिवासी पक्ष को मजबूती से रखा।

उन्होंने सामाजिक एकता, अधिकार, संस्कृति एवं परंपरा संरक्षण को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन मंगल सिंह ठाकुर तथा सोनम ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में शैलेंद्र शाह ने समाज से शिक्षा और विकास की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। सुरेखा शाह ने बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया।



निकाली भव्य रैली

कार्यक्रम के बाद नया बस स्टैंड से मंगल भवन तक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें सगा समाज के बंधु शामिल हुए। रैली में आदिवासी समाज की संस्कृति और एकजुटता की झलक दिखाई दी। पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने रैली को और आकर्षक बनाया।

विधायक रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक विजयपाल सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष महेश उइके व कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर उइके सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, राजनीतिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं हजारो की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

शराबबंदी के लिए महिलाओं के संघर्ष की कहानी

आदिवासी गांव सेहरा की महिलाओं द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए गए अभियान की आयोजन में चर्चा की गई।
महिलाओं ने बताया कि गांव में अवैध शराब विक्रय के खिलाफ आंदोलन शुरू किया एवं रातों में पहरा देकर अवैध शराब बिक्री रोकने का प्रयास किया।
टेकापार, नयागांव, कूकरा और गोहनादेहमाल व अन्य गांवों की महिलाओं को इस विशेष प्रयास के लिए विधायक विजयपाल सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

मंधावी छात्रों का हुआ सम्मान

विधायक द्वारा समाज के मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान विधायक विजयपाल सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में किया गया। इस दौरान आदिवासी समाज के छात्र उपस्थित रहे। इस दौरान आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली ।

कीचड़ भरे मार्ग से शाला में जाने को मजबूर हो रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत पिपरिया की ग्राम पंचायत बीजनवाड़ा स्थित बेरशेवा इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययनरत सैकड़ों बच्चों को बारिश के मौसम में बदहाल रास्ते से गुजरना पड़ रहा है।

नर्सरी से 12वीं तक संचालित इस विद्यालय के मुख्य मार्ग से बनवारी पंचायत तक पक्की सड़क न होने के कारण बारिश का पानी और कीचड़ जमा हो गया है, जिससे छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और वाहनों का निकलना दूभर हो गया है। ही समय में पूरी तरह जर्जर हो गई। इसके बाद यह मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत हुआ और टेंडर भी जारी हो चुका है, लेकिन ठेकेदार द्वारा अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया है।



प्रबंधन करें व्यवस्था

पालकों का कहना है कि प्रबंधन को बच्चों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपने स्तर पर जल निकासी या मुरुम-गिट्टी डलवाकर अस्थायी व्यवस्था करनी चाहिए। तहसीलदार वैभव बैरागी और राजस्व अधिकारी आकिप खान ने बताया कि मंगलवार को जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन के आधार पर पटवारी व राजस्व निरीक्षक की टीम ने निरीक्षण कर प्रतिवेदन तैयार किया है।

निर्माणाधीन सड़क पर फंसा ट्रक, 5 घंटे लगा जाम



माखन नगर नगर में बन रही सीसी रोड पर प्रतिदिन जाम लगना मामूली बात हो गई है रविवार की रात एक ट्रक सड़क के एक साइड नीचे उतरकर फस गया रात की घटना के बाद भी प्रशासन ने उसे हटाने की कोई कोशिश नहीं की जिसके कारण सुबह से ही दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई लोग परेशान होते रहे जबकि इस मार्ग से सोमवार को तिरंगा यात्रा निकलने जा रही थी लगभग 5 घंटे के बाद क्रेन से उस ट्रक को वहां से हटाया गया उसके बाद यातायात सुचारू शुरू हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली।

पलकमती नदी के तेज बहाव में ढहा रामगंज रिपटा का एक हिस्सा, आवाजाही हुई बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में रविवार रात तीव्र बारिश के चलते पलकमती नदी के उफान में रामगंज रिपटे का एक हिस्सा ढह गया। जिससे आवाजाही बाधित हुई है। नप ने मौसम खुलने पर सुधार करने की जानकारी दी है। मामले में नागरिकों ने बताया कि रविवार रात बहुत तेज बारिश के कारण पलकमती नदी के तेज बहाव में रिपटे का एक हिस्सा ढह गया है व इसकी सड़क उखड़ गई है। जिसके कारण आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। नागरिकों को अब पलकमती नदी के स्टेट हाईवे स्थित पुल से होकर रामगंज व सरदार वार्ड क्षेत्र की और आना-जाना करना पड़ रहा है। जिसमें नागरिकों का समय अधिक लग रहा है, वहीं अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। नागरिकों ने नगर परिषद से मांग की है कि



अविलंब सुधार कार्य किया जाए।

जल्द करेंगे सुधार

मामले में हरिभूमि ने नप उपयंत्री बृजेश खानोरकर से सोमवार को चर्चा की। खानोरकर ने कहा कि उन्होंने स्थल निरीक्षण किया है तथा फिलहाल आवाजाही सुचारू रखने रामगंज रिपटे का अस्थाई सुधार किया जाएगा, ताकि लोगों का आना-जाना बाधित ना हो। उन्होंने कहा कि मौसम सूखने पर रामगंज रिपटे के धसके हिस्से का स्थाई सुधार कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल नदी में पानी है, जैसे ही पानी उतरेगा वैसे ही सुधार कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

परेशान स्कूली बच्चे

नागरिकों ने बताया कि रामगंज रिपटे से मातापुरा वार्ड, बाजार क्षेत्र, गांधी वार्ड, राजेंद्र वार्ड, किलापुरा वार्ड, जवाहर वार्ड, रघुवंशीपुरा क्षेत्र सहित नर्मदा नदी बेल्ट के लोग नर्मदापुरम् राह पकड़ते थे वे अब परेशान हो रहे है।

राज्य स्तरीय सीनियर लागोरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र लागोरी संघ द्वारा द्वितीय सीनियर राज्य स्तरीय लागोरी प्रतियोगिता नगर की विवेकानंद अकैडमी में की गई। दो दिवसीय प्रतियोगिता में मप्र के 20 जिलों से 335 खिलाड़ी सहभागी हुए। मप्र लागोरी संघ अध्यक्ष आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि बालक वर्ग में प्रथम स्थान विदिशा जिला, द्वितीय स्थान रायसेन जिला व तृतीय स्थान विदिशा कॉर्पोरेशन एवं नर्मदापुरम् ने पाया।

महिला वर्ग में रायसेन प्रथम, नर्मदापुरम्-द्वितीय एवं अनूपपुर जिला तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत प्रदर्शनों पर खिलाड़ी सम्मानित किए गए। जिसमें बालकों में बेस्ट हीटर जय तिवारी विदिशा व बेस्ट कैचर संस्कार तोमर रायसेन तथा बालिका वर्ग में बेस्ट हीटर



नंदिनी रायसेन व बेस्ट कैचर अपूर्वा नर्मदापुरम रहे।

किया पुरस्कृत

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक विजयपाल सिंह थे। विशिष्ट अतिथि रूप नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, गोपाल माहेश्वरी, गौरव अग्रवाल, शिक्षाविद तारा जायसवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल गहरैया ने किया।

अमृत हरित महा अभियान के का हुआ आगाज मेला ग्राउंड में हुआ 3200 पौधों का वृहद रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्रालय के आयुक्त के निर्देशानुसार पिपरिया नगरपालिका परिषद द्वारा अंबेडकर वार्ड स्थित मेला ग्राउंड में अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाअभियान के तहत मेला ग्राउंड और नदी किनारे के क्षेत्रों में नीम, अशोक, बादाम, गुलमोहर, बरगद सहित विभिन्न प्रजातियों के लगभग 3200 पौधे रोपे गए, साथ ही 1000 सीड्स बॉल का प्रक्षेपण भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष



संतोष परतें, और मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय मौजूद रहे। इसके अलावा लेखापाल मुकेश पठारिया, रूपेश मौर्य, अरुण ठाकुर, धर्मेंद्र शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, सहित आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी वार्ड की पार्षद अरुणा जोशी के एक वक्तव्य पर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। पार्षद ने कायाकल्प योजना के दौरान कटे पेड़ों और उससे जुड़ी मीडिया खबरों का जिक्र करते हुए कहा कि कटे पेड़ों से कई गुना अधिक पौधे अब लगाए जा रहे हैं, इसे भी छापा जाए। इस बात पर उपस्थित पत्रकारों ने नाराजगी जताई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए विधानसभा प्रभारी नवनीत नागपाल ने तुरंत स्थिति को संभाला और माहौल शांत कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि खबरें छापने के लिए मीडिया पूरी तरह स्वतंत्र है।

नप सोहागपुर के सभा कक्ष में आयोजित की गई बैठक

13 अगस्त को निकाली जाएगी भव्य 'तिरंगा यात्रा' विधायक ने ली बैठक अधिकारी कर्मचारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नप सोहागपुर के सभा कक्ष में रविवार शाम विधायक विजयपाल सिंह की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा की बैठक की गई। जिसमें बताया गया कि सोहागपुर में 13 अगस्त को यात्रा आयोजित की जाएगी।

बैठक में सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित थे। सोहागपुर नपाध्यक्ष लता पटेल, विधायक प्रतिनिधि अभिनव पालीवाल एवं भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि नौ से 17 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित होगा व सफल आयोजन को लेकर विस्तृत रूपरेखा पर बैठक में चर्चा की गई। विधायक ने अभियान में क्षेत्रवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। नागरिकों को अपने घरों पर



तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करने एवं राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान तथा राष्ट्रभक्ति की भावना सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया व 13 अगस्त को नगर में तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। जिसमें नगर के स्कूलों व कॉलेज के विद्यार्थियों सहित अधिकारी-कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक सहभागी होंगे।

विधायक की अपील

विधायक विजयपाल सिंह ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि 'हर घर तिरंगा' अभियान में सहभागी बनें। अपने-अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय एकजुटता व गौरव की भावना प्रदर्शित करें। बैठक में भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल, मंडल प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़िया, एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, एसडीओपी संजू चौहान, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, तहसीलदार शक्ति श्री तोमर, जपं सीईओ श्रीराम सोनी, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर, बीआरसी राकेश रघुवंशी, संदीपनी विद्यालय प्राचार्य रामकिशोर दुबे, अनिल गहरैया आदि उपस्थित रहे।

अभियान हुआ प्रारंभ

जिले में हर घर तिरंगा अभियान प्रारंभ हो चुका है। जिसके तहत विभिन्न गतिविधीयां आयोजित की जा रही है। स्कूलों में रंगोली, विशाल रैली, वाद विवाद, भाषण आदि प्रतियोगिता, इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अभियान में शामिल होने की अपील की है ।

इटारसी से मदन महल पैसेंजर चलेगी पतिदिन घोषणा का सभी वर्ग द्वारा स्वागत

माखन नगर। क्षेत्र की एकमात्र रेलवे स्टेशन बागरा तवा जो काफी लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा है इसमें उस समय खुशी का माहौल हो गया जब इटारसी से मदन महल चलने वाली पैसेंजर ट्रेन का स्टापेज बागरा तवा में दिया गया है यह पैसेंजर ट्रेन प्रतिदिन इटारसी से 11:45 पर प्रस्थान करेगी और मदन महल 4:45 पर पहुंचेगी वहीं मदन महल से 5:50 पर प्रस्थान करेगी और इटारसी लगभग 11:00 बजे पहुंचेगी इस निर्णय का सभी वर्गों ने स्वागत करते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है इसी प्रकार अन्य ट्रेनों के स्थापित के लिए कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में फरवरी 2026 में एक पदयात्रा माखन नगर से बागरा तवा स्टेशन तक पैदल यात्रा निकाल कर रेलवे प्रशासन के नाम एक ज्ञापन बागरा तवा स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सोपा गया था करोना काल में बंद विंध्याचल एक्सप्रेस एवं इंदौर बिलासपुर एक्सप्रेस हुई ट्रेनों की स्टापेज पुनः देने की मांग की गई थी इस संबंध में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल डीआरएम से जबलपुर जाकर भी मिला था इसी प्रकार जन प्रतिनिधियों से पहल कर अन्य ट्रेनों का स्टापेज बागड़ा तबा स्टेशन पर पुनः दिलाने की अपेक्षा की गई है।

वेयरहाउस संचालक व समिति प्रबंधकों ने एफआईआर निरस्त करने की मांग की, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर रविवार को माखन नगर क्षेत्र के दो वेयरहाउस संचालक समिति प्रबंधक एवं सर्वेयर पर वेयरहाउस प्रबंधक हेमंत चंदेल ने f i r दर्ज कराई थी वेयरहाउस और समिति के प्रतिनिधियों का कहना है की सर्वेयर के जांच के बाद ही मूंग खरीदी जा रही है इसमें कहीं से भी वेयरहाउस संचालक दोषी नहीं है बगैर जांच के पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है इसकी उच्च स्त्रीय जांच कराई जाए और दर्ज रिपोर्ट निरस्त की जाए जब तक जांच नहीं होगी तब तक सभी वेयरहाउस में खरीदी बंद रखी जाएगी।

वही आज दोनों वेयरहाउस में मूंग की तुलाई नहीं हुई दूसरी तरफ वेयरहाउस में खड़े ट्रैक्टर ट्राली के किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की कि हमारी मूंग की तुलाई इसी वेयरहाउस में कराई जाए अब हम ऐसे में ट्रैक्टर ट्राली लेकर दूसरे वेयरहाउस में कैसे जा पाएंगे 5 दिन से हम वहीं खड़े हैं वहीं कुछ किसानों ने बिल नहीं बनाए जाने की भी बात कही है।

क्यों नही हो रही कार्रवाई

एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह एवं अधिकारियों ने कहा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया



जाएगा उसी के बाद कुछ कहा जा सकता है वहीं मूंग सभी किसानों की खरीदी जाएगी वही किसान नेता केशव साहू ने मूंग खरीदी में हुई अनियमिताओं की जांच की मांग की है पहले भी एकलव्य वेयरहाउस और कनकधारा वेयरहाउस में गड़बड़ी हुई है। वहीं किसानों का कहना है माखन नगर वेयरहाउस शाखा प्रबंधक की क्या भूमिका है उन पर अब तक क्यों कार्रवाई नहीं हुई क्या कारण है।

खबर संक्षेप

आरपीएफ कांस्टेबल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी

हरदा। रेलवे स्टेशन पर रविवार शाम ड्यूटी के दौरान आरपीएफ कांस्टेबल लोकेश कुमार की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वह प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक ड्यूटी पर तैनात थे। बताया गया कि सुबह से हो रही बारिश के कारण लोकेश ने प्लास्टिक के जूते पहने थे। प्लेटफॉर्म पर जमी काई की वजह से उनका पैर फिसल गया और वह ट्रेन नंबर 20103 एलटीटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई और शरीर दो हिस्सों में बंट गया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और मर्ग कायम किया गया। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। स्टेशन के बाहर जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों ने कांस्टेबल लोकेश कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। मृतक का शव गोवा एक्सप्रेस से उनके पैतृक गांव भरतपुर, राजस्थान रवाना किया गया, जहां मंगलवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। लोकेश कुमार के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। वह एक वर्ष से हरदा में पदस्थ थे। आमतौर पर वह चमड़े के जूते पहनते थे, लेकिन बारिश के कारण रविवार को प्लास्टिक के जूते पहने थे, जिससे यह दुखद हादसा हुआ। घटना के बाद रेलवे स्टाफ में शोक का माहौल है।

बिना पंजीयन के संचालित हो रही डेयरी को किया सील

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बाजार में विक्रय हो रहे दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर विशेष निगरानी रखते हुए दुकानों, डेरियों एवं फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आष्टा स्थित श्री इंटरप्राइजेज से घी के 03 नमूने जांच हेतु लिए और 50 लीटर संदिग्ध घी भी जब्त किया। इसी प्रकार टीम द्वारा श्यामपुर स्थित जफरुद्दीन डेयरी से मिल्क का सैंपल तथा मुख्तारनगर स्थित दुआ डेयरी से दूध तथा मिक्स मिल्क का सैंपल लिया। इस दौरान सामने आया कि दुआ डेयरी बिना पंजीयन के संचालित हो रही थी। बिना पंजीयन के डेयरी संचालित करने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा डेयरी को सील कर दिया गया है। संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सभी विक्रेताओं को स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए व्यवसाय संचालित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

पूर्व सैनिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

सीहोर। एक्स सर्विसमेन लिग के तत्वावधान में आज सीहोर नगर में मोटर साइकिल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा सुबह 9 बजे चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भोपाल नाका हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर कोतवाली चौराहे से होते हुए लिसा टाकीज के पास अटल चौराहे पर अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए रूकी। यहां पर यात्रा का स्वागत जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रिन्स राठौर ने भी किया। यहा से तिरंगा यात्रा जोश के साथ गिरती बारिश में ढोल-नगाड़े की आवाज के साथ भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाते हुए मनकामेश्वर मंदिर, हास्पीटल चौराहा, बस स्टैंड से होती हुई टाऊन हाल पर भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगान के पश्चात संपन्न हुई। इस यात्रा में सीहोर जिले के विभिन्न ग्राम से आएं हुए वर्तमान एवं पूर्व सैनिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही जिला पंचायत सदस्य शंकर पटेल पुरी तिरंगा यात्रा में पूर्व सैनिकों के साथ जोश के साथ नारे लगाते हुए शामिल रहे।

जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल, प्रशासन को एक माह का अल्टीमेटम

ओवरब्रिज में देरी, बस किराया वृद्धि, स्मार्ट मीटर और सड़क-पुलों की बदहाली का मुद्दा उठाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

नगर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस ने सोमवार को प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक माह में समस्याओं के निराकरण की मांग की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष असलम पठान के नेतृत्व में विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने की मौजूदगी में अनुविभागीय अधिकारी रजनी वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन, कार्यालय घेराव और चक्काजाम किया जाएगा। ज्ञापन में खिरकिया रेलवे फाटक पर स्वीकृत 56 करोड़ रुपए लागत के रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण तत्काल शुरू कराने तथा बुजुर्गों और दिव्यांगों की सुविधा के लिए एस्केलेटर अथवा सुगम फुटपाथ की व्यवस्था करने की मांग की गई। कांग्रेस ने कहा कि ट्रेनों के आवागमन के दौरान फाटक बार-बार बंद होने से शहर में जाम की स्थिति बनती है। इससे मरीजों, एंबुलेंस, स्कूली बच्चों, किसानों और आम नागरिकों को परेशानी होती है। ओवरब्रिज निर्माण की समय-सीमा भी सार्वजनिक करने की मांग की गई।

कांग्रेस ने सामान्य यात्री बसों के किराए में 60 प्रतिशत वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। नेताओं ने कहा कि बसों से प्रतिदिन सफर करने वाले विद्यार्थी, किसान, मजदूर और नौकरीपेशा लोगों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिल बढ़ने की शिकायतों को लेकर कांग्रेस ने तकनीकी एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करने तथा स्मार्ट मीटर को अनिवार्य किए जाने की व्यवस्था पर भी पुनर्विचार की मांग रखी गई।

सड़क और पुलों की बदहाली पर सवाल

कांग्रेस ने पोखरनी से हरदा तक राज्य मार्ग क्रमांक-15 के मरम्मत एवं पैचवर्क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए स्वीकृत राशि, कार्यादेश, ठेकेदार और निर्माण कार्य की जांच की मांग की। इसके अलावा मादला और मुहाल नदी के क्षतिग्रस्त पुलों की तत्काल मरम्मत तथा सुरक्षा रेलिंग लगाने की मांग की गई। विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने कहा कि जनता की समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन को जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए। समय सीमा में समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस जनता के साथ लोकतांत्रिक आंदोलन करेगी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष असलम पठान ने कहा कि ये केवल कांग्रेस की नहीं, बल्कि खिरकिया की जनता की मांगें हैं। प्रशासन को एक माह का समय दिया गया है। इसके बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर कार्यालयों का घेराव और चक्काजाम करेगी। ज्ञापन के दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष अवनीश पगारे, सुगनचंद भंडारी, सावन शर्मा, मंजीत बघेल, भूपेंद्र राजपूत, डॉ. जितेंद्र सोनी, बंटी वर्मा, प्रवीण पाटिल, भगवान वासले, रघुवीर राजपूत, विपत राजपूत, प्रशांत गौर, मयूर जैन, लालू राजपूत, कम्मू साखला, महेश राठौर, महिपाल राजपूत सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

24 घंटे में नकबजनी का खुलासा

दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कोतवाली हरदा पुलिस ने दुकान में हुई नकबजनी की वारदात का 24 घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए मोबाइल, पावर बैंक एवं लैपटॉप सहित करीब 90 हजार रुपए का माल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 9 अगस्त को संदीप गोस्वामी निवासी भुनास, हाल गली नंबर-1 गुर्जर बोर्डिंग हरदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी दुकान का शटर नीचे से टूटा हुआ है। दुकान के अंदर जाकर देखने पर ओप्पो कंपनी का मोबाइल, मोटरोला कंपनी का मोबाइल, दो पावर बैंक, पुराना एचपी कंपनी का लैपटॉप एवं नगदी गायब मिली। रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 517/26, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी हरदा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली आरएल भारती ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से संदिग्धों की पहचान कर रवि पिता करण सिंह यादव उम्र 32 वर्ष निवासी राधा गोविंद का बगीचा, थाना रावजी बाजार इंदौर तथा विनय पिता अनिल यादव उम्र 22 वर्ष निवासी अन्नापुरा हरदा को पकड़ा। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने दुकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर ओप्पो एवं मोटरोला कंपनी के दो मोबाइल, दो पावर बैंक तथा पुराना एचपी कंपनी का लैपटॉप बरामद किया गया। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 90 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की। प्रकरण के खुलासे में थाना प्रभारी आरएल भारती, प्रधान आरक्षक देवेंद्र सूरमा, आरक्षक प्रदीप मालवीय, आरक्षक रामनरेश एवं साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नगरीय निकाय कर्मचारी जिला सम्मेलन किया

भामसं की कार्यकारिणी का गठन, बरजोर जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

भारतीय मजदूर संघ की हरदा जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को सर्वसम्मति से किया गया। बरजोर सिंह सेठमने को जिला अध्यक्ष और शिव कुमार सोलंकी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। यह गठन नगरीय निकाय कर्मचारी जिला सम्मेलन के दौरान नगर पालिका सभागृह में हुआ। सम्मेलन में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री अरविंद मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना राजोरिया, नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश संयोजक महेंद्र सिंह ठाकुर और प्रदेश महामंत्री हरिओम कुशवाहा सहित कई प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री प्रबल पवार ने किया।

नई कार्यकारिणी में मनोज प्रजापति को जिला सचिव, अलका अग्रवाल, दीपक सोनी, मकबूल खान, धन सिंह पवार और रवि ओंकार को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। संतोष राठौड़, मंगेश राजपूत, वंदना परिहार, शेख जावेद और राहुल पाराशर को जिला सहसचिव की जिम्मेदारी दी गई। अजमल अली को जिला कोषाध्यक्ष और योगेश खरे को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कान्सलेश चौहान और राजेश नागरे जिला कार्यकारिणी सदस्य बने। सभी पदाधिकारियों का चयन उपस्थित सदस्यों की सहमति से सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर नर्मदापुरम विभाग प्रमुख जितेंद्र सोनी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन संगठन की एकजुटता और मजबूत संगठनात्मक भावना को दर्शाता है। सोनी ने पदाधिकारियों से कर्मचारी हितों के लिए सक्रियता से कार्य करने और संगठन को मजबूत बनाने का आग्रह किया।

श्री पंच पिपलेश्वर महादेव का काल भैरव स्वरूप में श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



पवित्र सावन माह के द्वितीय सोमवार के अवसर पर हरदा मंडी प्रांगण स्थित श्री पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ अपने दिव्य काल भैरव स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते नजर आए। कलाकार जयकृष्ण चांडक द्वारा मंदिर में पिछले 22 वर्षों से निरंतर भगवान का श्रृंगार किया जा रहा है। यह उनका इस मंदिर में 103वां श्रृंगार रहा। काल भैरव स्वरूप के इस विशेष श्रृंगार को पूर्ण करने में करीब सात घंटे का समय लगा। श्रृंगार में मिट्टी, रंग, चमकदार कपड़ा, प्लास्टर ऑफ पेरिस, चुनरी, फूलों की माला एवं लकड़ियों का उपयोग किया गया। श्रृंगार कार्य में रोहित सोनी का सहयोग रहा। सावन के दूसरे सोमवार पर काल भैरव स्वरूप में सजे भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा।

सर्व ब्राह्मण समाज संगठन ने किया आयोजन

35 पौधे लगाकर संरक्षण का लिया संकल्प



हरदा। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा रविवार शाम ड्रीम लैंड कॉलोनी स्थित गार्डन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंत्रोच्चार के साथ आम, जामुन, बिल्व, नीम, बरगद सहित 35 पौधे लगाए गए। समाजजनों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। संगठन अध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष वर्षाकाल के प्रारंभ में सामाजिक लोगों के जन्मदिवस, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य विशेष अवसरों को यादगार बनाने के लिए पौधरोपण अभियान चलाया जाता है।

इस वर्ष भी पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि संगठन उपाध्यक्ष संदीप स्वामी ने पौधारोपण के लिए 21 पौधे भेंट किए। इस अवसर पर डॉ. एलएन पाराशर ने पौधरोपण के साथ पौधों के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और स्वदेशी अभियान से जुड़कर समाज एवं देश की उन्नति में योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम में संगठन संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, उपाध्यक्ष रोहित तिवारी, पौधरोपण प्रभारी दीपक शुक्ला, सौरभ काशिव, शुभम वशिष्ठ, महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया, सचिव अदिति गुरु, गीता पांडे, गोपाल शुक्ला एवं शशिभूषण जोशी सहित समाजजन उपस्थित रहे।

सर्वश्रेष्ठ सावन सखी प्रतियोगिता में सुषमा प्रथम, अर्चना और खुशबू रहीं रनरअप

सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने मनाया हरियाली महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सर्व ब्राह्मण समाज महिला संगठन द्वारा शनिवार को मां रेवा गार्डन में हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक हरे परिधानों में शामिल हुईं। आयोजन में लकी ड्रॉ, स्टॉल, व्यंजन मेला, क्विज कॉन्टेस्ट, सावन सखी प्रतियोगिता, पौधा एवं चूड़ी वितरण तथा सावन के झूले सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कार स्कूल हरदा की प्राचार्य राजेश्वरी गीते, वरिष्ठ समाजसेवी ऋतु नंदवाना, पूर्व जनपद सदस्य जनपद पंचायत टिमरनी निशा सुनील दुबे तथा सर्व ब्राह्मण समाज महिला अध्यक्ष सिराली रूपाली शुक्ला उपस्थित रहीं। स्वागत उद्बोधन महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया ने दिया।

मुख्य अतिथि राजेश्वरी गीते ने कहा कि सशक्त महिला से सशक्त समाज का निर्माण होता है। परिवार में मां और बहन के शिक्षित एवं सशक्त होने से परिवार उन्नति करता है और इससे देश की प्रगति होती है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को आवश्यक बताते हुए संस्कृति और सभ्यता को बढ़ावा देने वाले ऐसे आयोजनों की सराहना की। कार्यक्रम में शिव-पार्वती की सजीव झांकी प्रस्तुत करने वाले बच्चों ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन अश्लेषा शुक्ला ने किया। आभार अदिति गुरु ने व्यक्त किया। इस दौरान मीना ओझा, गीता पांडे, शानू शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

सुषमा दीक्षित रहीं प्रथम

कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ सावन सखी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सुषमा दीक्षित प्रथम रहीं, जबकि अर्चना शर्मा एवं खुशबू पांडे रनरअप रहीं। महिला उद्यमियों द्वारा विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए। रजनी गांगुले, प्रियंका उपाध्याय, पूजा शुक्ला, रश्मि पुजारी, अर्चना करोलिया और वीणा शर्मा ने स्वनिर्मित उत्पाद, ज्वेलरी, आयुर्वेदिक सामग्री एवं परिधानों के स्टॉल लगाए। वहीं पूजा राजवैद्य, अपर्णा तिवारी एवं सरिता पालीवाल ने फूड प्रोडक्ट के स्टॉल लगाए। कार्यक्रम में समाज की नई बहुओं का स्वागत कर उन्हें अपने अनुभव साझा करने का अवसर दिया गया। इनमें अंकिता वैभव तिवारी, दिव्या जोशी, सुदर्शना पांडे, प्रिया शर्मा, आकांक्षा दुबे, शिखा उपाध्याय, ऋद्धि अवस्थी एवं तनीषा शामिल रहीं। नई बहुओं ने नवीन परिवेश में अपने अनुभव एवं विचार साझा किए।

17 अगस्त तक चलाया जाएगा अभियान

हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली

खरगोन। 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में एसडीएम कार्यालय से तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे एवं एसडीएम शसत्येंद्र बैरवा ने हरी झंडी दिखाकर किया। हर घर तिरंगा अभियान के दौरान अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लोगों को भारतीय ध्वज संहिता का पालन करते हुए अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत बड़े पैमाने पर ह्यतिरंगा बाइक रैली तथा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवसह्न के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभात फेरियां, तिरंगा यात्राएं, क्विज, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं तथा जनभागीदारी आधारित गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना और स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराना है।



एकलव्य विद्यालय झिरन्या में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



खरगोन। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने आदिवासी लोकनृत्य एवं गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर आदिवासी कला एवं संस्कृति की समृद्ध विरासत को जीवंत किया। इस अवसर पर विद्यार्थी अनिरुद्ध ने भाषण के माध्यम से आदिवासी समाज की कला, संस्कृति एवं परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने आदिवासी संस्कृति की विशिष्टता और समाज में उसके योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेखा रानी चौहान ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में आदिवासी समाज के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से आधुनिकता को अपनाने के साथ अपनी संस्कृति, परंपराओं और विरासत से जुड़े रहने का आह्वान किया। साथ ही आदिवासी संस्कृति को जीवित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

सब जेल बड़वाह में आनंद विभाग ने की एक दिवसीय कार्यशाला

बंदियों ने अपराध से दूर रहने जीवन में बदलाव का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



आनंद विभाग द्वारा सब जेल बड़वाह में एक दिवसीय आनंद अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बंदियों ने शांत समय और मौन की प्रक्रिया के माध्यम से अपने मन के भीतर की आवाज को महसूस किया। इस दौरान कई बंदियों ने स्वीकार किया कि उनसे गलतियां हुई हैं और उनका प्रायश्चित ही सुधार की दिशा में पहला कदम है। बंदियों ने जेल से रिहा होने के बाद दोबारा अपराध नहीं करने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनंद के.बी. मंसारे ने आनंद संस्थान का परिचय देते हुए ह्यजीवन का लेखा-जोखा एवं आनंद की ओर विषय पर सत्र लिया। उन्होंने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली घटनाओं और अनुभवों को साझा किया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को शांत समय एवं मौन की प्रक्रिया कराई गई तथा मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से तनावमुक्त जीवन के महत्व को समझाया गया।

कार्यशाला में बताया गया कि जीवन में भौतिक संसाधनों का सीमित उपयोग करते हुए अहंकार, नफरत, क्रोध, लालच, ईर्ष्या, बुराई और भ्रष्टाचार जैसी प्रवृत्तियों से बचकर सकारात्मक एवं आनंदमय जीवन की ओर बढ़ा जा सकता है। इस दौरान दुनिया के उन देशों का भी उदाहरण दिया गया, जो हैप्पीनेस इंडेक्स में अग्रणी हैं तथा जहां अपराध की दर बेहद कम है। कार्यशाला के दौरान कुछ बंदियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें अपनी गलतियों का पछतावा है और वे जेल से बाहर आने के बाद दोबारा अपराध की राह पर नहीं जाएंगे। उन्होंने स्वयं में सकारात्मक बदलाव लाने तथा बेहतर जीवन जीने की इच्छा व्यक्त की। कार्यशाला के आयोजन में जेल प्रभारी युवराज सिंह मुवेल, जयमल सिंह मालीवाड़, अनिल सोलंकी, नारायण साठे एवं आरक्षक मोनिका बघेल का सहयोग रहा।